कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सचिवालय परिसर 4–सुभाष रोड़, देहरादून– 248001
Email id-ceo uttaranchal@eci.gov.in फोन न० (0135) 2713551
election09@gmail.com फोन न० (0135) 2713552

संख्या–430 /xxv–12(10)/2018 देहरादून : दिनांक 09 मार्च, 2021

सेवा में,

श्री अरविन्द कुमार,
पुत्र श्री ओमपाल,
नई बस्ती, रामनगर, रूड़की,
जनपद हरिद्वार।
मो0नं0–8445345700

विषय– **सूचना के अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपका अनुरोध पत्र संख्या–शून्य दिनांक–शून्य इस कार्यालय में दिनांक 05–03–2021 को प्राप्त हुआ है।

उक्त सन्दर्भ में मुझे अनुरोध सहित अवगत कराना है कि आप द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की मार्गदर्शिका के अध्याय–4 के अनुसार सूचना प्राप्ति हेतु प्रक्रिया के अन्तर्गत अनरोध पत्र में दिनांक तथा हस्ताक्षर प्रविष्ट किये जाने हैं। फलस्वरूप अनुरोध पत्र अपूर्ण है।

अतः अनुरोध है कि आप किसी भी दिन कार्यालय दिवस एवं समय पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर अपने अनुरोध पत्र पर हस्ताक्षर एवं दिनांक अंकित कर दें अथवा पुनः अनुरोध पत्र इस कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। मांगी गई सूचना उपलब्ध कराने सम्बन्धी कार्यवाही आपके द्वारा पुनः हस्ताक्षर एवं दिनांक युक्त अनुरोध पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही प्रारम्भ होगी। इस पत्र की तिथि से दिनांक व हस्ताक्षर युक्त अनुरोध पत्र प्राप्त होने की तिथि तक का समय सूचना उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित 30 दिनों में नहीं गिना जायेगा।

भवदीय,

B. S. Rawat

(बसन्त सिंह रावत)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी।

5-3-2021

हस्ताक्षर उम्मी पत्र / ना०गा०नगर

सेवा में,

लोक सचूना अधिकारी,
मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

विषय— सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत सूचना उपलब्ध कराये जाने विषयक।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत निम्नानुसार बिन्दूओं पर सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें :—

1— वर्तमान में निर्वाचन विभाग में कुल कितने पद स्वीकृत हैं तथा स्वीकृत पदो के सापेक्ष कितने पद रिक्त हैं की पदवार / जनपदवार विवरण की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2— निर्वाचन विभाग में वर्तमान में कितने कार्मिक आउट सोर्स एजेंन्सी के माध्यम अथवा किसी अन्य माध्यम से कार्यरत हैं? पदवार / जनपदवार विवरण उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3— निर्वाचन विभाग में कितने कर्मिकों को वर्ष—2010 के बाद चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नत किया गया है? पदोन्नत कार्मिकों की टंकण परीक्षा संबंधी परीक्षा परिणाम की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4— चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नत कार्मिकों को किस नियमावली के अन्तर्गत पदोन्नति प्रदान की गयी है कि सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

5— निर्वाचन विभाग में वर्ष—2010 के पश्चात् कितने कार्मिकों को मृतक आश्रित के रूप में नियुक्ति प्रदान की गयी है कि सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6— मृतक आश्रित को अगर कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान की गयी है तो उसका टंकण परीक्षा परिणाम की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

महोदय सूचना का अधिकार अधिनियम—2005 के अन्तर्गत फीस स्वरूप ₹ 10.00 (दस) का पोस्टल ऑर्डर संख्या — 600756 मूल में संलग्न कर प्रेषित है। कृपया उक्त सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्न :— ₹ 10.00 का पोस्टल ऑर्डर।

प्रार्थी

अरविन्द कुमार
पुत्र श्री ओमपाल,
नई बस्ती, रामनगर, रुड़की
जनपद—हरिद्वार।
मो0नं0 : 8445345770